अमर उजाला

# Rohtak News: मुख्यमंत्री उड़नदस्ते का छापा, एनसीईआरटी की 767 नकली किताबें जब्त कीं




रोहतक। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मंगलवार को रोहतक के मॉडल टाउन स्थित संसार बुक डिपो से एनसीईआरटी की 767 नकली किताबें जब्त की हैं। दुकानदार एनसीईआरटी के नाम पर नकली मार्का की पुस्तकें बेच रहा था। सीएम फ्लाइंग टीम ने थाना सिविल लाइन में पुस्तक विक्रेता के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दी है। बुक डिपो संचालक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

Source: https://www.amarujala.com/haryana/rohtak/chief-minister-flying-squad-raid-767-fake-ncert-books-seized-rohtak-news-c-17-roh1019-656941-2025-05-21